# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक अगहन पक्ष,07 2082 | भोपाल,दिन बुधवार, दिनांक 26 नवम्बर 2025


## न्यूज गैलरी

### मध्यप्रदेश के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में तेजी

**भोपाल** (मध्यप्रदेश) मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) में उल्लेखनीय गति देखी जा रही है। प्राप्त गणनाप्रपत्रों के अनुसार प्रदेश के कुल 65,014 मतदान केंद्रों में से 3,342 मतदान केंद्रों पर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 34,231 मतदान केंद्रों पर 75 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है।

### 15 इलाकों में असरय आशीर्वाद कॉलोनी–मैसाखेड़ी में भी सप्लाई नहीं

**भोपाल** (भोपाल के करीब 15 इलाकों में बुधवार को 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें दानिशकुंज, बंजारी, कारकाकुंज, आशीर्वाद कॉलोनी, मैसाखेड़ी समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े।

### यह सिस्टम पर धब्बा, देश बर्दाश्त नहीं करेगा

**भोपाल** (सुप्रीम कोर्ट ने कलेक्टोबिलाल (हिरासत) हिंसा और मौतों पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा– "यह देश अब इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर एक धब्बा है।' जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति पर लिए गए स्वतः संज्ञान पर मंगलवार को सुनवाई कर रही थी।इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राजस्थान ने 2025 के पहले 8 महीनों में हिरासत में 11 मौतें रिपोर्ट हुई हैं। इनमें से 7 मामले उदयपुर डिवीजन में थे। बेंच ने इस पर चिंता जताते हुए कहा– "आप कस्टडी में मौतें कैसे होने दे सकते हैं? यह स्वीकार्य नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह अब तक अपना हलफनामा क्यों नहीं दाखिल कर सकी। जस्टिस नाथ ने सवाल किया– "क्या केंद्र सरकार इस कोर्ट को हल्के में ले रही है?' इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कस्टोडियल डेथ सिंगली

### रात 2 से सुबह 5 के बीच भरे जा रहे फॉर्म, क्योंकि एप इसी समय काम कर रहा

**भोपाल** (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पूरा करने के लिए भोपाल में बीएलओ से लेकर अधिकारियों तक को रात 2 बजे से सुबह 5 बजे तक काम करना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि इसी दौरान एप और पोर्टल सही से चल रहा है।देश के 12 स्टेट में एक साथ एसआईआर का काम होने से कारण शुक्रवार से रात 12 बजे तक एप और पोर्टल पर बहुत ज्यादा लोड रहता है। इसी कारण रात में काम करना पड़ रहा है। इसके साथ ही अब निगम अमले को भी पोल्स में उतार दिया गया है।बीएलओ के साथ निगम अमले के कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इस संबंध में कलेक्टर ने मंगलवार रात करीब 10 बजे तक अधिकारियों और कर्मचारियों की मीटिंग ली थी। इसका ही असर है कि एक दिन में करीब 10 लाख फॉर्म डिजिटलाइज हो गए।

## सीएम बोले-किसी भी अपराधी को बख्शे नहीं गुंडे-बदमाशों पर कठोर से कठोर करें कार्रवाई

# भोपाल समेत प्रदेश में बढ़ती गुंडागर्दी पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव रात में अचानक पहुंचे पीएचक्यू

### खास बातें

- सीएम ने कहा रात में पुलिस कमिश्नर खुद पेट्रोलिंग करें, साथ में अधिकारियों को बीट पर करें तैनात
- सख्ती बरतने के निर्देश दिए

सीएम... यादव राज्य में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर अधिकारियों के साथ बैठक में

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेश में लगातार बढ़ रही गुंडागर्दी और कानून व्यवस्था को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार रात 8 बजे अचानक पुलिस मुख्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कानून और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान भोपाल में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं पर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र से जवाब तलब किया। डॉ. यादव ने पूछा कि भोपाल में इस तरीके की वारदातें क्यों हो रही हैं। उन्होंने सभी वारदात की जानकारी ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में लगातार आपराधिक मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस आखिर इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर मिश्र से कहा कि पहले खुद उन्हें पेट्रोलिंग में लगाने की जरूरत है साथ ही अधिकारियों को भी बीट स्तर तक तैनात करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस सख्ती पर दिखाई दें। किसी भी अपराधी को छोड़े नहीं, उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। इसके साथ गस्त और पेट्रोलिंग बढ़ाने की जरूरत है। दिलाई किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी निर्देशन करें, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लें। मुख्यमंत्री यह भी कहा है कि अभी तो शुरुआत हुई है। देर रात को ही अधिकारियों से विस्तृत एक्शन लिया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाना, एडीजी इंटेलीजेंस, सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

### गस्त और पेट्रोलिंग बढ़ाएं, दिलाई किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी

गौहरगंज दुष्कर्म मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को फटकार लगाई। मंडीदीप में बलात्कार पर पुलिस की ढीली कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि सुबूत जिलों में पुलिस मुख्यालय की तरफ से मदनजी की समीक्षा की जाए। डीजीपी कैलाश मकवाना से मुख्यमंत्री ने 10 मिनट अलग से चर्चा कर कहा कि तहसीन के मामले में जल्द से जल्द एक्शन लेना चाहिए। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने की पुलिस के ऊपर बहुत बुनियादी है। ऐसे में में पुलिस अधीक्षक अधिकारी से लेकर आरोपी को भी भी कानून व्यवस्था के लिए सख्ती के निर्देश दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी आरोपी को छोड़े नहीं, उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

### मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डीजीपी कैलाश मकवाना से रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगातार घटनाओं की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही जिन घटनाओं पर पुलिस की तरफ से लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। भोपाल सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में जल्द रिपोर्ट तैयार करेंगे।

## गौहरगंज में मासूम से दुष्कर्म पर जिले भर में प्रदर्शन

**डीआर संवाददाता»» रायसेन**

रायसेन जिले के गौहरगंज के गांवरा में 8 वर्षीय मासूम के साथ हुई बलात्कार की घटना के विरोध में जिले भर में प्रदर्शन जारी है। मंगलवार शाम को बेगमगंज तहसील में आरोपी सलमान का पुतला जलाया गया। वहीं, उदयपुर, बरेली और देवरी में भी बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपी को फांसी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे।

बेगमगंज बस स्टैंड पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले सैकड़ों आक्रोशित विद्यार्थियों और लोगों ने प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और एनकाउंटर की मांग की ताकि पीड़ित मासूम को न्याय मिल सके।

जिले के उमरपुरा, बरेली और देवरी में भी बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, छात्र–छात्राएं और विभिन्न संगठनों के लोग ने प्रदर्शन किया।

इस घटना के विरोध में 26 नवंबर को गौहरगंज में सकल हिंदू समाज की ओर से सकल प्रदर्शन किया जाएगा।

रायसेन सांसद गणेश सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि अपराधी बच नहीं पाएगा और उसे इतनी सख्त सजा मिलेगी कि ऐसी सोच रखने वालों की रूह भी कांप उठेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से चर्चा हुई है और चिट्ठी

**इनाम 10 हजार से बढ़कर 30 हजार किया, आरोपी 'नजर' ही नहीं आता**

बच्ची को टॉफी का लालच देकर ले गया था। पुलिस ने उस पर इनाम 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 30 हजार रुपए कर दिया है। अपील– आरोपी का पुतला जिले जो पुलिस को बताएं।

## किडनी दान कर पत्नी ने बचाई पति की जान

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

अपने सुहाग को बचाने के लिए एक पत्नी ने अपने पति को किडनी दान कर नया जीवन दिया। मरीज को छह महीने पहले किडनी की बीमारी का पता चला था और वह डायलिसिस करा रहे थे। जब डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट की सलाह दी, तो केवल पत्नी ही डोनर के रूप में उपयुक्त थी। पत्नी ने तत्काल पति की जान बचाने के लिए एक किडनी देने का निर्णय लिया। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। बता दें कि जीएमसी में अब तक 11 किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। इस पूरी प्रक्रिया में डीन डॉ. कविता सिंह, अधीक्षक डॉ. मुक्ति जैन और डॉ. अरुणी कोचर का विशेष योगदान रहा।

किडनी विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. अरुणेश कुमार, प्रशासनिक सर्जन डॉ. सोनल जैन, डॉ. अंकित जैन, डॉ. सारिक व्यास, डॉ. नरेंद्र कुर्मी, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. अरुणी कोचर, डॉ. कृतिका कोचर, डॉ. रवेता श्रीवास्तव, डॉ. रामजीत चावरे और अनिमेष होलकर ने मरीज को उपचार की सेवाएं दीं। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मुक्ति जैन ने बताया कि मरीज को इस पूरी प्रक्रिया में डॉ. कविता सिंह, डॉ. हिमांशु, डॉ. प्रियंका, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. सोनल, डॉ. सोनू ने मिलकर इस जटिल ऑपरेशन को अंजाम दिया।

**आयुष्मान योजना के तहत हुआ निःशुल्क इलाज**

यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया, जिससे मरीज को आर्थिक बोझ नहीं झेलना पड़ा। आयुष्मान योजना से बाहर आने वाले मरीजों को भी यह सुविधा मामूली शुल्क पर दी जाएगी।

जबलपुर के मरीज को छह महीने पहले किडनी रोग का पता चला। जबलपुर निवासी 51 वर्षीय अनुज कुमार (बदला हुआ नाम) को छह महीने पहले ही पता चला था कि किडनी रोग से पीड़ित हैं। इलाज के दौरान मरीज ने किडनी ट्रांसप्लांट के लिए इच्छा जताई। डोनर के रूप में उनकी पत्नी ही उपयुक्त थीं

## फंसाने की दी धमकी, तनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता ने की आत्महत्या

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

पहलगाम हमले की जांच एजेंसी और साजिश में फंसाने की धमकी ने भोपाल के वरिष्ठ अधिवक्ता को इस कदर मानसिक तनाव में डाल दिया कि उन्होंने आत्महत्या का कदम उठा लिया। बदनामी ने फोन पर उन्हें झूठी आतंकवादी साजिश में शामिल बताकर ठगी की कोशिश की थी। तनाव के चलते अधिवक्ता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जहांगीराबाद थाना प्रभारी मानसिंह के अनुसार बरखेड़ी इलाके में रहने वाले 65 वर्षीय शिवकुमार वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता थे। उनका बेटा पुणे में और बेटी दिल्ली में रहती है। पत्नी बीमारी के इलाज के लिए पिछले दिनों दिल्ली गई हुई थी, जिसके कारण वर्मा कुछ दिनों से घर में अकेले रह रहे थे। सोमवार रात करीब साढ़े 7 बजे उन्होंने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**सुसाइड नोट मिला**

पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें वर्मा ने लिखा है कि कुछ दिनों पहले एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। कॉल करने वाले ने धमकी देते हुए कहा था कि उनका नाम पहलगाम आतंकी हमले की साजिश में सामने आया है और उनके बैंक खाते से फंडिंग की बात भी कही गई। इस कॉल के बाद से वह तनाव में थे।

## सीएम डॉ. यादव के निर्देश पर एसपी रायसेन को किया पुलिस मुख्यालय अटैच

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार रात काम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली और कानून–व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हुई आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की और किसी भी आपराधिक तत्व को न छोड़ने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायसेन जिले में हुई आपराधिक घटना के मामले में निलंबनी की कार्रवाई न होने पर असन्तुष्टता जाहिर की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गंभीरता से चर्चा कर जान पर पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक तहसीन को मुख्यालय अटैच करने के निर्देश और निलंबित थाना प्रभारी को हटाने के निर्देश दिये। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है और शीघ्र उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन और पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना सहित एडीजी इन्टेलीजेंस, पुलिस कमिश्नर भोपाल और अधिकारी उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश**

- पुलिस सख्ती पर उतरे।
- किसी अपराधी को छोड़े नहीं, कठोर कार्रवाई करें।
- संदिग्ध थाना प्रभारी निलंबित करें।
- अधिकारियों के बीट विजिट किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी
- निलंबित करें, लापरवाह अधिकारी–कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई।

## जनसुनवाई में महिला का हंगामा खुद को विधायक बताया

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

भोपाल के कलेक्टोरेट में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में एक महिला ने काफी देर तक ज्यादा समय तक हंगामा किया। उसे महिला पुलिसकर्मी व गार्ड समझाती रही, लेकिन वह नहीं मानी। उसने खुद को विधायक की बहन। महिला ने हंगामे की वजह से जनसुनवाई काफी देर तक प्रभावित रही।

मंगलवार सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई हुई। इसमें 100 से अधिक पहुंचे। इस दौरान उपनी फरियादी के साथ पहुंची शोभना सिंह ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने पर मीटिंग हॉल में हंगामा कर दिया। अधिकारियों ने महिला से कहा कि यह पुलिस की समस्या है। जिला पंचायत वीडियो इला तिवारी और एडीएम अंजुर मेश्राम ने महिला को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी।

**अन्य आवेदक परेशान होते रहे**

महिला के हंगामे की वजह से जनसुनवाई पर भी असर पड़ा। कई फरियादी अपनी बारी आने के लिए परेशान होते रहे, लेकिन अधिकारी और कर्मचारी हंगामा कर रही महिला को समझाने में जुटे रहे।

**तीन महीने पहले भी आ चुकी**

निगाह रेसिडेंसी की रहने वाली शोभना सिंह ने हंगामा किया। करीब तीन महीने भी वह जनसुनवाई में पहुंची थी। आवेदन दिया था कि 9 दिसंबर 2022 को उनके पास किसी मकान का कॉल आया था। मकान में उन्हें मकान खाली करने की धमकी दी थी। शोभना का कहना है कि वह अपनी 11 साल की बेटी के साथ रहती हैं। उन्हें मकान खाली करने के लिए जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जबकि उनके मकान मालिक न्यायिकर में रहते हैं और उनके बीच 11 महीने का अनुबंध है। मकान उन्हें आए दिन प्रताड़ित करता है।

## सर्दी रात का पारा लगातार बढ़ने और दिन के तापमान में कमी से कोल्ड डे और कोल्ड वेव से राहत

# प्रदेश में शीतलहर पर अब शर्मीश सवार पारा 19 डिग्री तक पहुंचा... बादल छाए

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो दिन से बादल और धूप के असर के साथ हवाएं बदलने से रात के तापमान में तेजी से बढ़त जारी है। इससे रात में ठंडक की सर्दी और शीतलहर से राहत रही। सबसे अधिक रात का पारा नर्मदापुरम में 15.7 डिग्री दर्ज रहा, जबकि भोपाल में दो दिन में करीब 6 डिग्री बढ़कर 15.4 डिग्री पहुंच गया।

मंगलवार को प्रदेश में सबसे भी शीतलहर के साथ ही तेज सर्दी का असर महसूस नहीं किया गया है। पांच जिलों में रात का पारा 8 से 9 डिग्री तक रहने से यहां रात में हल्की ठंडक रही।

इनमें नौगांव सबसे ठंडा रहा, न्यूनतम पारा 8 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही पैंच 9.9 मुंबई 9.4, छतरपुर नौगांव सबसे ठंडा, पारा 8 डिग्री

नवंबर के शिखर से दिन ठंडा और रात का पारा अभी बढ़ रहा इसलिए बदली हवाएं

मौसम विशेषज्ञ एके श्रीवास्तव के अनुसार अभी बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया और ओडिशा के पास एक साइक्लोनिक है। इसके लगातार आगे बढ़ते रहने से प्रदेश में हवाएं अभी बदल रही हैं। यह क्रम अगले दो से तीन दिन जारी रहेगा। इसके दिन में तापमान कुछ कम और रात में बढ़त होगी।

### कितना बढ़ा पारा ?

मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक बढ़त नरसिंहपुर में 7 डिग्री की रही। वहां रात का पारा 16 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद इंदौर में 4 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 18.8 डिग्री रहा। भोपाल में रात का पारा 1. 4 बढ़कर 15.4 डिग्री, पचमढ़ी और सतपुड़ी पचाड़ी मेघ ने भी कड़ा ऐतवान जरूरा है।

### प्रदेश में शीतलहर .

96 और पिछड़ा 97 डिग्री रहा। इससे इन जिलों में रात में हल्की सर्दी महसूस की गई। दिन में बादल छाए रहने के साथ ही हवाओं में बदलाव से दिन के तापमान में प्रदेशभर में औसतन आधा डिग्री की कमी रही, जबकि रात का पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार सुधार को भी प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

### कहां–कितना बढ़ा.

राजगढ़ में 2 से 3 डिग्री तक तापमान बढ़त रहने से अधिकांश जिलों में रात में सर्दी का असर गायब है औसत सप्ताह के लिहाज से बारणी कम रहा है। उज्जैन, राजगढ़, दमोह और उमरिया में 2 डिग्री तक पहुंचा है। प्रदेश में अब रात का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री अधिक और दिन का पारा सामान्य से औसतन 2 डिग्री तक कम दर्ज हुआ है। यह क्रम इस सप्ताह जारी रहेगा।

## चाकू दिखाकर बोले बदमाश– मुखबिरों को इसी से काटेंगे

**डीआर संवाददाता»» भोपाल**

भोपाल में बदमाशों ने खुलेआम पुलिस को चुनौती दी है। एक वीडियो जारी कर बदमाशों ने कहा है– पहली बार जेल नहीं जा रहे, जेल जाने से डरते भी नहीं हैं। लेकिन जिन लोगों ने हमारी मुखबिरी की है, उनको छोड़ेंगे नहीं। निपटाकर रहे हैं। ऐसे खुलासे करेंगे, जिससे सबके होश उड़ जाएंगे। बताएंगे, किसके बहने पर वारदात की है।

मंगलवार को सामने आए वीडियो में एक बदमाश हाथ में चाकू लिए बताता है– मुखबिरों को इसी चाकू से काटेंगे।

ये वीडियो उन्हीं बदमाशों का बताया जा रहा है, जिन्होंने शनिवार रात गौतम नगर थाना इलाके की तीन पार्क कॉलोनी में वाहनों में तोड़फोड़ की थी। उन्होंने अपने साथियों के जेल जाने के बाद ये वीडियो जारी कर धमकी दी थी। बता दें कि इस मामले में चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

**सड़क पर खड़ी कारों में तोड़फोड़ की थी**

तोड़फोड़ मामले में फरियादी चंदन इंदौरिया ने बताया– शनिवार को हम सोहेर से लौटे थे। अपनी कार को घर के सामने रोड पर पार्क किया था। इसी दौरान लड्डू और साथी यहां से गुजरे थे। उन्होंने कार को रोड पर देखकर गालियां देना शुरू कर दिया।

# डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक कृष्ण पक्ष,07 2082 | सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 26 नवम्बर 2025


## न्यूज गैलरी

### जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस

**सीहोर।** जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अवसर पर जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार जेठरिया ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) के अंतर्गत 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग के 309 बच्चों तथा 1 वर्ष से अधिक आयु के 118 बच्चों का टीकाकरण किया गया, वहीं 56 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान उपस्थित हितग्राहियों को आवश्यक पोषण, पोषण संबंधी जानकारी एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट आज 4277 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मंगलवार 25 नवंबर को 4277 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगण में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि तय की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23 और 24 नवंबर को 4282 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की मांग है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### सार्वजनिक शौचालय से उठ रही बदबू से लोग हो रहे हैं परेशान

**सीहोर।** मेन रोड पर लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए सार्वजनिक शौचालय की हालत खराब है। इसकी नियमित सफाई नहीं हो रही है। शौचालय से उठती बदबू के कारण राहगीर परेशान हो जाते हैं। आसपास की दुकानों में बैठने वाले लोग भी इसकी दुर्गंध से परेशान हैं। शौचालय का रखरखाव नहीं हो पा रहा है। जब से यह बना है, तब से सफाई की समस्या कभी दूर है। लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरी में कुछ लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। बाजार क्षेत्र में यह एकमात्र सार्वजनिक शौचालय है। नगर पालिका को इसकी नियमित सफाई करानी चाहिए।

### सड़कों पर सब्जी बाजार, जाम से लोग परेशान

**आष्टा।** शहर की सड़कों पर सब्जी बाजार लगने से रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। अतिक्रमण के कारण हालात और बिगड़ गए हैं। नगर की नई सब्जी मंडी में सुबह से ही व्यापारी सड़क पर सब्जी की नीलामी करते हैं। इससे सुबह 10 बजे तक पूरा रोड बंद रहता है।

---

वंदे भारत

## सीहोर के बीआईटी कालेज के छात्रों ने बस में आग लगाई

# एंबुलेंस में भी तोड़ोफोड़, भोजन-पानी की गुणवत्ता पर हजारों छात्र इकट्ठा हुए कई थानों का पुलिस बल मौजूद

परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

सीहोर जिले के आष्टा स्थित बीआईटी (टप्प) कॉलेज में बीती रात मंगलवार को छात्रों ने भोजन और पानी की खराब गुणवत्ता को लेकर जमकर हंगामा किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कॉलेज परिसर में व्यापक तोड़फोड़ और आगजनी की। हालात इतने बिगड़े कि कई थानों की पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। कॉलेज प्रबंधन ने 30 नवंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है।

छात्रों का आरोप है कि कॉलेज में घटिया भोजन और दूषित पानी के कारण कई विद्यार्थियों को पेटदिक्कत हो गया है। छात्रों का दावा है कि बीमारी के कारण कुछ विद्यार्थियों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है और लगभग 100 विद्यार्थी आष्टा, सीहोर और भोपाल के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं।

### प्रदर्शन करने पर गार्ड्स ने की मारपीट

छात्रों ने शिकायत की है कि जब उन्होंने अव्यवस्थाओं के खिलाफ विरोध (प्रोटेस्ट) किया, तो हॉस्टल के वार्डन और गार्ड्स ने उनके साथ मारपीट की और शांत रहने के लिए दबाव बनाया। यूनिवर्सिटी में बात करने पर भी कोई साफ जवाब नहीं दिया गया, जिससे छात्रों का गुस्सा गलत गया।

### चार हजार छात्र हुए जमा, गाड़ियों में की तोड़फोड़

बताया गया है कि परिसर में लगभग 4000 छात्र जमा हो गए। विरोध के दौरान परिसर में जमकर तोड़फोड़ की गई। छात्रों ने एक बस, दो चारपहिया वाहन और एक एम्बुलेंस में तोड़फोड़ की। इसके अलावा हॉस्टल की तोड़फोड़ के वीडियो, एक आगजनी स्थल और परिसर के अन्य हिस्सों की भी नुकसान पहुंचाया गया।

### विभिन्न थानों की पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एसडीओपी आष्टा और आष्टा, जावर, पारंपी, घोलवाड़ी व मंडी सहित विभिन्न थानों से भारी पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्रों से संवाद कर उन्हें शांत किया।

### 30 नवंबर तक छुट्टी, छात्र जा रहे घर, एसपी

एसपी दीपक शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में स्थिति सामान्य है। बीआईटी में 30 नवंबर तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। कुछ बच्चे अपने घर जा रहे हैं। बीआईटी ने सभी छात्रों से बच्चों से अपनी समस्याओं का आवेदन एवं बीमार बच्चों की जानकारी एसडीएम एवं एसडीओपी आष्टा द्वारा ली जाएगी।

### प्रबंधन और छात्रों की बैठक आज

प्रशासन ने छात्रों को समस्त शिकायतों के समाधान हेतु प्रबंधन से सभी कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया है। आज छात्रों एवं कॉलेज प्रबंधन के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी।

### परिसर में पुलिस बल तैनात

आष्टा के एसडीओपी आकाश अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में कॉलेज और हॉस्टल परिसर की स्थिति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है। परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

---

## विहिप-बजरंग दल ने गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा

**डीआर संवाददाता॥ दोराहा**

भोपाल-भायखेड़ा हाइवे मार्ग पर बटमी जोड़ के पास मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौवंश तस्करी के एक शातिर प्रयास को नाकाम कर दिया। तस्करों ने पुलिस और ग्राम लोगों को धोखा देने के लिए ट्रक के भीतर गौवंश को छुपाने का ऐसा तरीका अपनाया था, जिसे देखकर गौभक्त पर मौजूद सभी लोग हैरान रह गए।

विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में मवेशी गौवंश को अधिक तरीके से ले जाया जा रहा है। तस्करी के इस तरीके की खबर मिलते ही कार्यकर्ता तुरंत हरकत में आए। सबसे गंभीर बात यह थी कि तस्करों ने ट्रक को पकड़ से बचाने के लिए एक नई तकनीक का इस्तेमाल किया था, जिसमें ट्रक के ऊपर के हिस्से में पूरी तरह से बोरे के खाली बारदाने (बंडल) भरे हुए थे, जिससे ऐसा लगे कि ट्रक में केवल खाली बोरे ले जाए जा रहे हैं, जबकि बोरे के बंडलों के बीच गौवंश, एक जाली लगाई गई थी। इस जाल के नीचे गौवंश को पूरा ठूंस कर भरा गया था। यह व्यवस्था इसलिए की गई थी ताकि पुलिस या जांच दल सीधे ऊपर बोरे के बंडल देखकर ट्रक को जाने दे और गौवंश की तस्करी को आसानी से अंजाम दिया जा सके।

### कार्यकर्ताओं ने रोका ट्रक

जैसे ही कार्यकर्ताओं को ट्रक के गुप्तरूप की सूचना मिली बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रक को रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। जब विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता ट्रक के ऊपर चढ़े और संदेह होने पर बोरे के बंडलों को हटाना शुरू किया तो मौके पर मौजूद पुलिस और कार्यकर्ताओं के होश उड़ गए। बोरे के बंडलों को हटाते ही नीचे जाली के भीतर ठूंसा-ठूंसा कर भरा गया गौवंश नजर आया।

---

फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोटरसाइकिल समेत 2 लाख का सामान बरामद

## सीहोर में चोरी का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

सीहोर के नई बाना क्षेत्र में हुई घर में चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मनोज सिंह, निवासी कान्हा स्टेट कॉलोनी, गोपालपुरा ने पुलिस को बताया था कि 10-11 सितंबर की रात उनके घर का दरवाजा तोड़कर गोदरेज फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोटरसाइकिल, साइकिल और किचन का सामान ले गए थे। इस पर पुलिस ने नामजद दर्ज कर जांच शुरू की।

एसडीपीओ दीपक शुक्ला और सीएसपी अभिनंदना शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी सुनील मेहर और उनकी टीम ने सुराग पर जानकारी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध दीप सिंह को पूछताछ के लिए पकड़ा। पूछताछ में उसने अपने साथियों इरशाद खां और किशन नागदेव के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल, ऑटो और अन्य घरेलू सामान सहित करीब 2 लाख रुपये का माल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार चोरी में इस्तेमाल किया गया ऑटो भी जब्त कर लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीप सिंह सूर्यवंशी (भोपाल), इरशाद खां (सीहोर) और किशन नागदेव (सीहोर) के रूप में हुई है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों ने इससे पहले और कहां चोरी की है।

---

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**डीआर संवाददाता॥ सीहोर**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री वलयमुरुगन जे. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, अपूर्ण विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर जमील खान, सुश्री रंजना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एक दिवसीय अंडर-18 क्रिकेट ट्रायल 27 को

**सीहोर।** आगामी दिसंबर में विभिन्न राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसके लिए भोपाल संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर एक दिवसीय क्रिकेट ट्रायल का आयोजन 27 नवंबर को शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जाएगा। जो भी खिलाड़ी इस ट्रायल में शामिल होने का इच्छुक है वह अपने प्रमाण-पत्रों के साथ मैदान पर सुबह नौ बजे उपस्थित हो सकता है। टीम का चयन बीसीसीए के निर्देश पर किया जाएगा।

---

## मंगलवार को छाई धुंध न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री, कड़ाके की ठंड जारी

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

सीहोर में मंगलवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिसकी वजह से धूप देर से निकली। जिले में कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले दो सप्ताह से अधिकतम तापमान में ठंड लगातार बढ़ रही है।

17 दिनों से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे

सीहोर जिले में 17 दिनों से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बड़ा अंतर दर्ज किया जा रहा है, जिससे सुबह-शाम लोगों को जनाना ठंड महसूस हो रही है। इससे पहले मौसम कभी बारिश तो कभी गर्मी के कारण बदलता रहा, लेकिन अब ठंड का मौसम पूरी तरह शुरू हो गया है।

---

## सीहोर हिट एंड रन मामला, सीसीटीवी फुटेज आया सामने, आरोपी की तलाश जारी

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

सीहोर के पुराने हाईवे पर सोमवार भोपाल मुगीसाहूर में शुक्रवार रात करीब 8:45 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसा इतना खतरनाक था कि टक्कर के

बाद शुभम कार के बम्पर में फंस गए और कार चालक उन्हें काफी दूर तक घसीटकर ले गया। इससे शुभम के शरीर की चमड़ी तक छिल गई। उनकी हालत चार दिन बाद भी बेहद नाजुक बनी हुई है। गंभीर हालत में शुभम को गंगवा टोमा रोटर से एम्स भोपाल रेफर किया गया है। सिर में गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टर अभी सर्जरी नहीं कर पा रहे हैं। परिवार अब तक करीब दो लाख रुपए इलाज पर खर्च कर चुका है और आर्थिक मदद की अपील कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि कार तेज रफ्तार में आकर बाइक को टक्कर मारती है और फिर गाड़ी से भाग जाती है। दूसरी ओर, परिजन पुलिस की कार्रवाई से नाराज हैं। उनका कहना है कि हादसे के चार दिन गुजर जाने के बाद भी मंडी थाना पुलिस कार मालिक मोनाल सिंह पर्मा (यूट्यूबिया लाला निवासी) के घर नहीं पहुंची है। परिजनों ने स्थानीय थाने की नंबर प्लेट पुलिस को दी, जिससे वाहन की पहचान हो पाई। पुलिस केवल एफआईआर की बात कहकर जांच जारी होने का दावा कर रही है।

---

ग्राम सभा | कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य डॉ केएस बघेल ने किया

## नवोदय विद्यालय में मॉडल युवा ग्राम सभा का आयोजन, विद्यार्थियों ने निभाई जिम्मेदार भूमिकाएँ

**डीआर संवाददाता॥स्वनपुर**

भोपाल रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर में बुधवार शाम 4 बजे पंचायती राज मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय, नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार मॉडल युवा ग्राम सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य डॉ केएस बघेल ने किया। इस दौरान उप-प्राचार्य रैता खाती और कार्यक्रम संयोजक अब्दुल शेर खान के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न पदों की जिम्मेदारी निभाकर पंचायती राज व्यवस्था का उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में अनुकूल वर्मा ने सरपंच, आदित्य वर्मा ने सचिव, आकाश आर्य, वरिंदल, प्रशांत, वेद प्रताप ने बीटी मेंबर, विवुष ने ऑटो एंट्री ऑपरेटर, बलराज ने छुटि सहायक, अनुराधा मेवाड़ा ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, खाती वर्मा ने हेडमास्टर, मोहित ठाकुर और आदित्य रिया दानी ने सहायक सचिव की भूमिका निभाई।

विद्यार्थियों ने ग्राम की समस्याओं को ग्राम सभा में प्रस्तुत करते हुए अपनी संवाद, सहयोग और सहभाग से समाधान निकालने पर जोर दिया। सभी ने अपनी भूमिकाओं का सजग निर्वहन कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक समझ प्रदर्शित की।

### ग्रामीण प्रशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना

व्यवस्था संचालन में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को समझाना

इस अवसर पर बीटीआरआई शिव राठौड़, श्याम सुंदर भट्ट, अविंद ठाकुर, संजय चौधरी, दिलीप सोलंकुर, गिरीश कुमार, धर्म विश्वनाथ, शिवा कैम्पल, सीना यादव, वाहिद हुसैन, अरुणी प्रजापति सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

---

## 26 नवम्बर को मनाया जाएगा संविधान दिवस, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

जिला मुख्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री वलयमुरुगन जे. ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों एवं विभिन्न विभागों में प्रस्तावना वाचन,

जनजागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठियों तथा विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन द्वारा निर्धारित गतिविधियों का समयबद्ध आयोजन सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को संविधान की मूल भावना, मूल कर्तव्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति जागरूक किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर, 1949 के दिन, भारतीय संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकृत किया और 26 जनवरी, 1950 को इसे लागू किया गया, जिससे भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 1949 में भारतीय संविधान को अंगीकृत किए जाने के सम्मान में औपचारिक रूप से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया।

# डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक अगहन पक्ष,07 2082 | सीहोर, दिन बुधवार, दिनांक 25 नवम्बर 2025


## न्यूज गैलरी

### दस्तावेज सत्यापन व शारीरिक दक्षता परीक्षण 5 का

**सीहोर।** वन विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिये मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा लाइन परिचारक (नियमित) के पदों को भरने के लिए प्रथम प्रतिक्षा सूची प्रकाशित रूप से अवधि 35 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिये बुलाया जाने की गई है। कंपनी द्वारा लाइन परिचारक के मोबिचपुरा मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक दा कार्यालय में 5 दिसम्बर को किया जाएगा00

### 23 छात्र बीमार थे, कॉलेज प्रबंधन भेज चुका है घर

**सीहोर।** कॉलेरी स्थित बीआईटी कॉलेज में 23 छात्र बीमार हो गए। इनमें पेशिया और वायरल फीवर के लक्षण मिले। कॉलेज प्रबंधन ने सभी को घर भेज दिया।सोमवार को जिला प्रशासन को सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम कॉलेज पहुंची। सीएमएचओ डॉ. सुधीर खेरनिया खुद टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि कॉलेज में 23 छात्र बीमार थे। एक छात्र अभी भी हॉस्टल में बीमार मिला। सूचना छात्राओं को वायरल फीवर की शिकायत है। इस संबंध में जब कॉलेज के रजिस्ट्रार संजय नागर से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### एसआईआर को लेकर विधायक ने बीएलए 2 की ली बैठक

**आष्टा।** विधिकमंडल सत्र के सभी 40 बूथों के बीएलए 2 की बैठक गोपलपुर को गांव विधिकमंडल में हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें। गणना प्रपत्र भरवाने में सहयोग करें।विधायक ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर चल रहा है।इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। सभी कार्यकर्ता योजना 4 दिसंबर तक बूथ समूह निकालकर अपने-अपने बूथ पर जाएं। सिविललाइन मंडल के सभी 40 मतदान केंद्रों पर बीएलए 2 नियुक्त किए गए हैं। विधायक ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसी पात्र मतदाता को परेशानी न हो। जिनके नाम जुड़ने चाहिए, वे जुड़ें। जो अपात्र हैं या गांव में नहीं रहते, उनके नाम न जुड़ें। सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मतदाताओं की मदद करें।

### भोपाल नाका तिराहा का अंधा मोड़ बना परेशानी का कारण

**आष्टा।** नगर से पुराने भोपाल-इंदौर मार्ग स्थित भोपाल नाका तिराहा का अंधा मोड़ वाहन चालकों के लिए परेशानी बना हुआ है। यहां पर ट्रैफिक पॉइंट स्थायी रूप से नहीं है। इस कारण सभी दिशाओं से वाहन बिना नियम के ही मोड़ लेते हैं। इससे यहां पर हादसे होते रहते हैं। पिछले साल एक ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया था, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।यदि यहां पर स्थायी रूप से ट्रैफिक पॉइंट लगाया जाए, तो आवागमन में आसानी हो सकती है। यहां पर पॉइंट बुधवार को साप्ताहिक हाट, त्योहार और कुछ बड़े कार्यक्रम

**नाराजगी** वार्डों में नहीं हो रही साफ-सफाई, पार्षदों ने पत्र लिखकर जताई अपनी नाराजगी

# बीजेपी पार्षदों के पत्रों ने खोली पोल, नगर में सफाई व्यवस्था हुई ध्वस्त

**डीआर संवाददाता॥आष्टा**

85 आउट सोर्स कर्मचारी हटाने से बिगड़ी नगर की सफाई व्यवस्था, अब जनप्रतिनिधियों ने सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की उठाई मांग।

बीते दिवस नगर पालिका परिषद आष्टा ने 85 आउट सोर्स कर्मचारियों को बिना सूचना के हटा दिया था। जिनमें कई सफाई कर्मी भी शामिल थे और इन सफाई कर्मियों ने भी बिना सूचना, जानकारी के हटाने पर नगर पालिका के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। वही दूसरी ओर इन सफाई कर्मियों के हटने से शहर की सफाई व्यवस्था भी बदहाल होती हुई नजर आ रही है या यह कहे की हटाए गए सफाईकर्मी के अभाव में नगर पालिका के 18 वार्डों में साफ सफाई की व्यवस्था बिगड़ चुकी है और बदबदा शहर के कुछ हुए जनप्रतिनिधियों ने लिखित में नाराजगी जाहिर करते हुए, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है।

नगर में चहुंओर गंदगी, नहीं हो पा रही नालियों की सफाई, पत्र में खोली पोल नगर पालिका के 18 वार्डों की साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल

जिला संयोजक रहे सफाई कर्मियों के हटने से शहर की सफाई व्यवस्था भी बदहाल होती हुई नजर आ रही है या यह कहे की हटाए गए सफाईकर्मी के अभाव में नगर पालिका के 18 वार्डों में साफ सफाई की व्यवस्था बिगड़ चुकी है और बदबदा शहर के कुछ हुए जनप्रतिनिधियों ने लिखित में नाराजगी जाहिर करते हुए, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है।

नगर में चहुंओर गंदगी, नहीं हो पा रही नालियों की सफाई, पत्र में खोली पोल नगर पालिका के 18 वार्डों की साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल

जिससे इन वार्डों पर आवारा जानवरों का जमघट लगा रहता है। ऐसे में राहगीरों सहित वाहन चालकों को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर के कई मुख्य मार्गों में कचरा पात्र के साथ-साथ कचरे के ढेर लगे हैं। जिसमें पशुओं, मवेशी व आस-पास रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लेकिन पालिका को शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर जरा भी चिंता नजर नहीं आ रही है।

वार्ड 16,17 और 02 के भाजपा पार्षद ने पत्र लिखकर जताई नाराजगी नगर के वार्डों में बिगड़ी सफाई व्यवस्था से भाजपा के जनप्रतिनिधियों के भी हाल बेहाल है और अब जनता के द्वारा चुने हुए पार्षदों ने भी अपने वार्डों की बिगड़ी सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए नगर पालिका सीएमओ को पत्र लिखकर अपने वार्डों के लिए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है वार्ड 16 के पार्षद रविन्द्र शर्मा ने बताया कि जबसे 85 आउट सोर्स कर्मचारियों को हटाया है जिनमें कई सफाई कर्मी भी शामिल थे तब से हमारे वार्ड की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह बिगड़ चुकी है क्योंकि जनरोस्टर और डेपाजल की दृष्टिगमारा बढ़ आती बढ़ा है और हमारे वार्ड में मोहल्लों की संख्या अधिक होने के कारण सफाई कर्मचारियों की संख्या कम होने की वजह से वार्ड की सफाई व्यवस्था बहुत ही खराब हो गयी है। उसी स्थिति नगर के वार्ड 15 और वार्ड 2 की भी बनी हुई है वार्ड 16 से निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल हुए तेजसिंह राठौर ने भी स्वीकार कि कर्मचारियों के कम होने से सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है हमारा वार्ड भी नगर पालिका का सबसे बड़ा वार्ड है जिसके चलते कई मोहल्लों में साफ सफाई नहीं हो पा रही है नागरिक हमसे शिकायत करते हैं ऐसे में जनप्रतिनिधि होने के नाते वार्ड की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। वही वार्ड 2 अहीपुर के बीजेपी पार्षद कमलेश जैन ने भी बताया कि सफाई कर्मचारियों के हटने से सड़क, नालियों की साफ सफाई में परेशानी आ रही है और गंदगी के ढेर लगे होने से वार्ड वासी परेशानियों को हल करने के लिए हमें कहते है।

इन मोहल्लों में बिगड़ी सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग

शहर के वार्ड 16 के नेताजी कॉलोनी, सावरकर कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, लेमनी रोड, नंदन नगर, बंजारी नगर,

## 23,656 बोरे उपज लेकर पहुंचे किसान, कॉलोनियों तक वाहनों की कतार

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

सीहोर जिले की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी आष्टा में मंगलवार को उपज की बंपर आवक दर्ज की गई। इस दौरान मंडी में कुल 23,656 बोरे उपज पहुंची। अत्यधिक आवक के कारण शांति नगर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शांति नगर में रात भर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के खड़े रहने से आवागमन बाधित हो रहा था। इस स्थिति को देखते हुए मंडी प्रशासन ने शांति नगर के निवासियों को राहत देने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने किसानों को सलाह दी है कि वे उपज लाने के लिए पीछे के गेट का उपयोग न करें, बल्कि मुख्य गेट और अन्य निर्धारित गेट से ही मंडी में प्रवेश करें।

पिछले तीन हफ्तों से जिले की इस प्रमुख कृषि उपज मंडी में उपज की रोशनाना बंपर आवक हो रही है। इसके कारण कन्नौद मार्ग पर भी अक्सर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें लग जाती हैं। शांति नगर के लोग विशेष रूप से प्रभावित हैं, जहां पिछले एक हफ्ते से सड़कों पर वाहनों के खड़े रहने से आवाजाही में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। मंडी सचिव नरेंद्र गैरवान ने बताया कि शांति नगर के पास वाले गेट से किसानों को उपज लाने से मना किया गया है। उन्हें मुख्य गेट और भीमपुरा मार्ग वाले गेट से ही उपज लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 29 नवंबर 2025 का भावांतर मोडल भाव 4277 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। आष्टा मंडी का आगामी सप्ताह का कार्यक्रम

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर हुए विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का पंचायत स्तर पर शुभारंभ

**डीआर संवाददाता॥आष्टा।**

आष्टा विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का पंचायत स्तर पर शुभारंभ हो गया है। ग्राम कोठली व मवास में आयोजित कार्यक्रम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि यह महोत्सव ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का एक बड़ा माध्यम बनेगा।

विधायक इंजीनियर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल और खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य

खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है, क्योंकि कई बार उचित खेल मैदान न मिलने से वे सामने नहीं आ पाते।

यह महोत्सव देवास लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी के संसदीय क्षेत्र में आता है। मंचस्थ में आयोजित इस प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत कोठडी, बाघपुर, गुराड़िया, सलनाव और खुरासिया सहित आसपास के विकासखंडों से टीमों ने भाग लिया। खोखो, खो-खो, कबड्डी और रस्साकशी जैसे खेलों में टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। प्रतियोगिता के समापन पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी अतिथियों के साथ मिलकर विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री जयसिंह पटेल, प्रांतीय भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिसिंह पिंटू परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील परमार, सरपंच अलबरसिंह ठाकुर, मोहन लाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। पंचायत स्तर पर चयनित टीमें अब विधानसभा स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

## एसआईआर सर्वे 99 प्रतिशत पूर्ण

**डीआर संवाददाता॥दोराहा**

इस समय नगर में एसआईआर के फॉर्म भरने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। हर वार्ड में बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में गंगलवार को ग्राम पंचायत शाहपुरपुर में सरपंच मीन सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत एसआईआर फॉर्म मतदाताओं से संपर्क कर तैयार करवाए गए। साथ ही आवश्यक जानकारी दी गई। जिसमें स्थानीय कार्यकर्ता संयुक्त रूप से उक्त कार्य को सम्पादित किया गया। एसआईआर सर्वे का कार्य 99 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। सर्वे में बीएलओ कमल सिंह गुर्जर,संतोष राजपूत,सिंह बैरागी,शिक्षक जगदीश जनदीश गुर्जर की भूमिका सराहनीय रही

## निर्माणाधीन इंडस्ट्री का निरीक्षण किया,

**सीहोर।**कलेक्टर श्री कालानुरु के. ने शेरपुर स्थित निर्माणाधीन नीलतारा इंडस्ट्री का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं, चल रहे कार्यों तथा बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने परिसर में सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति, सड़क व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों और इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से चर्चा कर समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्र में सभी आवश्यक सुविधाओं को सुचारु रखा जाए, जिससे उद्योगों को निर्बाध वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि उद्योगों की बेहतर कार्यप्रणाली जिले के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें और किसी भी शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित

## ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी से संतोष वर्मा विवादों में घिरे

**डीआर संवाददाता॥मैहर**

पूर्व आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने जनसभा के दौरान अधिवेशन में ब्राह्मण समाज को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा, जब तक उनके बेटे को कोई ब्राह्मण अपनी बेटी दान न कर दे या उसके राजा न बना ले, तब तक आरक्षण मिलना चाहिए। यह बयान रविवार को दिया गया। इसके बाद प्रदेशभर में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

ब्राह्मण समाज ने इस टिप्पणी को अपमानजनक बताया है। नगर की युवा ब्राह्मण इकाई ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। युवाओं ने अनुविभागीय अधिकारी सुधीर कुशवाह और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोशन लाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संतोष वर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

सकल ब्राह्मण समाज ने बयान की घोर निंदा की है। सेवानगरी में कहा गया है कि यदि शासन ने इस गंभीर विषय पर संज्ञान नहीं लिया, तो पूरा वहां और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में विप्र सामाजिक बंधु मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का जाना हालचाल

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

कलेक्टर श्री कालानुरु के. सीहोर के रुकाना पुनर्वास पहुंचे और वहां रह रहे बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात की। कलेक्टर ने प्रत्येक बुजुर्ग का हालचाल पूछा, उनके स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी ली और सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी रखने की सलाह दी। उन्होंने बुजुर्गों से संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने, गर्म कपड़े पहनने और नियमित दवाइयां

का सेवन करने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने शारीरिक सक्रियता के लिये पैदल चलना, हल्का व्यायाम या योग करने की सलाह दी।

कलेक्टर ने आने वीक पंकर वृद्धाश्रम के बुजुर्ग मायूक हो गए। सर्दी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी बुजुर्गों को कंबल वितरित किए। उन्होंने आश्रम प्रबंधन को निर्देशित किया कि बुजुर्गों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहे और उनकी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर जीएम डीआईसी श्री अनुराग वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय श्री महेश यादव तथा वृद्धाश्रम के संचालक श्री राहुल सिंह उपस्थित थे।

**जनसुनवाई** शराब की दुकान बंद करा घूंघटमें कलेक्ट्रेट पहुंच दिया जीवन स्वराब,

## सरपंच की अगुवाई में चुपाड़िया समेत 8 गांवों की महिलाएं जनसुनवाई में बोलीं

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

शराब की दुकान से परेशान होकर सीहोर के चुड़िया गांव और उसके आसपास के सात अन्य गांवों की महिलाएं मंगलवार को अपनी समस्या सीहोर कलेक्टरेट में मुकरा में मौजूद अनुसरी से गुहार दुकान को तत्काल पद का महिलाओं ने अधिकारियों को बल दिया में रास बंधा खुलने के बाद से उसाली जिदों सरक बन गई है।

पति करते हैं शोषण मारपीट

महिलाओं ने बताया कि ना करने के लिए हमले पर ऐल मारपीट करते हैं। घर गृहस्थी का आनाज तक कि अनाज

शराब ने कर बेच देते हैं पति

तक बेच देते हैं। शराब ने हमारा जीवन खराब कर दिया है और इसके कारण दुख बच्चों के नवे रिश्ते भी नहीं हो पा रहे हैं।

क्षेत्रों में नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा, घरों में आए दिन लड़ाई-झगड़े हो रहे

महिलाओं ने बताया कि चुपाड़िया से लगे गांव जैसे बमुलिया खीची, गोलूखेड़ी, लेंखखेड़ी, चामाखेड़ी, लसुडिया, सियाखेड़ी और अन्य गांवों की महिलाएं भी शराबी पतियों, बेटों और रिश्तेदारों से परेशान हैं। इन क्षेत्रों में नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। महिलाओं ने कहा कि चुपाड़िया में शराब की दुकान के कारण बच्चों का स्कूल जाना, श्रद्धालुओं का मंदिर जाना और बाहर के रिश्तेदारों का आना भी मुश्किल हो गया है। शराबी आपस में लड़ते हैं, गालियां देते हैं और क्षेत्र में जुआ सट्टा भी तेजी के कारण बढ़ रहा है। घरों में आए दिन लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। सरपंच सुनीता परमार ने बताया कि ये कई बार दुकान हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। चुपाड़िया और अन्य गांवों की मंदाबाई, सीमा, सुनीता, नेपानुर, बिष्णु, लाला, गुड्डी, सुनिता, पर्मला, हाजरा, मंजू, चंद्र बाई, कमेला आदि महिलाओं ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

## भोपाल में 27 को आयोग घेराव की तैयारी तेज

**डीआर संवाददाता॥सीहोर**

जिला कांग्रेस कार्यालय, बस स्टैंड पर युवा कांग्रेस की पहली जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। इसमें 27 नवंबर को भोपाल में होने वाले निर्वाचन आयोग के घेराव की रणनीति पर चर्चा हुई। राजीव गुजराती ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया पर युवाओं को ध्यान देना होगा।

बीएलओ के साथ घर-घर जाकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एसआईआर की प्रक्रिया सही से करवाएं। मतदाताओं को हो रही परेशानी पर चर्चा करें। ताकि किसी सही मतदाता का अधिकार न छिने। एसआईसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा, राहुल गांधी लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके विचारों को बूथ स्तर तक पहुंचाना जरूरी है। हमें उनके हाथ मजबूत करने होंगे।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौरसी ने कहा, वोट चोरी रोकने के लिए 27 नवंबर को भोपाल में होने वाले निर्वाचन आयोग के घेराव में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता शामिल हों। लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में भागीदार बनें। बैठक में नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका विक्रेश सोनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील दुबे, पार्षद घनश्याम माथुर, कैफे रिछारिया, तुलसी सोनी, भीनू ठाकुर, हर्षवीर सिंह, युवा कांग्रेस जिला महासचिव यशवंत सिंह, शहर अध्यक्ष रेहान नवाब, नरेंद्र पटेल, विक्रम दांगी, देवेंद्र पटेल गाजना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्षा 07 2082 | विदिशा, दिन बुधवार ,दिनांक 26 नंबवर 2025


## न्यूज गैलरी

### जनपद पंचायत परिसर में रोजगार मेला कल

**विदिशा।** जिला रोजगार कार्यालय विदिशा एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 27 नवंबर को जनपद पंचायत परिसर विदिशा में रोजगार मेला लगेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनी आवेदकों के साक्षात्कार लेंगी। सुबह 11 बजे से आयोजन होगा।

### एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सुबह 11 बजे से

**विदिशा।** जिला प्रशासन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग को बढ़ावा देगा। इसके लिए बुधवार सुबह 11 बजे से ई-दस केंद्र में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। एआई को शासकीय कार्यों, रिपोर्ट तैयार करने, डेटा प्रबंधन में उपयोग करने के लिए यह प्रशिक्षण विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का करें प्रचार

**विदिशा।** मुख्यमंत्री की मंशानुसार दुग्ध उत्पादन को दोगुना किया जाना है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य पूर्ति हेतु के लिए प्रदेश में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। मछुआलग एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी से नाराजगी, ज्ञापन दिया

**विदिशा** अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष और ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में युवा ब्राह्मण विकास परिषद ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने सरकार से मांग की कि वर्मा को तत्काल सेवा से बर्खास्त किया जाए। परिषद का कहना है कि ऐसे लोग आरक्षण का लाभ लेकर भी समाज का भला नहीं कर सकते। प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शर्मा ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे अधिकारी की यह टिप्पणी उसकी कुंठित मानसिकता को दिखाती है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज अपनी योग्यता के बल पर सरकारी पदों पर है, न कि आरक्षण के सहारे। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि संतोष वर्मा ने 24 घंटे के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो समाज क्रमबद्ध आंदोलन करेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### मासूम से दुष्कर्म करने वाले सलमान को फांसी दा

**विदिशा।** गोहरगंज में 6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी सलमान को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए मंगलवार को युवा ब्राह्मण विकास परिषद के जिलाध्यक्ष वागीश मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं अजाक्स संगठन प्रदेशाध्यक्ष आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों पर की गई अभद्र टिप्पणी करने पर कार्रवाई की मांग की गई।

### विधायक ने सुनीं समस्याएं

**विदिशा।** विधायक ने मंगलवार को नगरपालिका परिसर में जनसुनवाई की। सुनवाई के दौरान विभिन्न समस्याओं के 22 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य हितग्राहियों द्वारा मौखिक भी समस्याएं बताईं। विधायक ने उनको हल करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आउट सोर्स के 6 कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि तीन महीने से वेतन नहीं मिला। विधायक द्वारा स्वास्थ्य शाखा को वेतन देने के निर्देश दिए।

**हादसा:** सरकारी फ्लैट में रहती थीं नायब तहसीलदार, पुलिस ने राजस्व परिसर किया सील

# रात में आधा घटे पिता से हुई थी कविता की बात, जरा थी परेशानी या दवाब में नहीं थीं

सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक नायब तहसीलदार की अपने फ्लैट की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई।

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

राजस्व परिसर में अधिकारियों के लिए बनाए गए शासकीय भवन की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर इंदौर के नंदानगर निवासी नायब तहसीलदार कविता कुशवाहा की मौत हो गई। वह छह माह से विदिशा में पदस्थ थीं। पुलिस ने पूरे राजस्व परिसर को सील कर दिया। पुलिस सुसाइड और हादसा, दोनों ही एंगल से जांच रही है। जानकारी के मुताबिक कविता कुशवाहा अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल स्थित अपने फ्लैट की बालकनी में थीं, तभी अचानक नीचे गिर गईं। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत जैन ने बताया कि कविता को गंभीर चोटों के साथ लाया गया था। उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी जिला अस्पताल व घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने राजस्व परिसर को सील कर निरीक्षण शुरू किया है। छत के किनारों, सीढ़ियों और आसपास के हिस्सों में मिले संभावित निशानों की बारीकी से जांच की जा रही है।

विदिशा। तीसरी मंजिल से नायब तहसीलदार कविता गिरने से मौत

### रात को आधा घंटे की थी पिता से बात

कविता ने रात को अपने पिता से करीब आधा घंटे बात की थी। नायब तहसीलदार करीब छह कलेक्टर के साथ काम कर चुकी थीं। पिता के मुताबिक बात करने के दौरान बेटी जरा भी घबराई या परेशानी में लगभ नहीं आ रही थी। एडिशनल एसपी प्रशांत मौर्य का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है।

### तीसरी मंजिल की छत पर थी नायब तहसीलदार

मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला सोमवी रोड स्थित राजस्व परिसर की है। नायब तहसीलदार कविता अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल की छत पर थी, लेकिन इसी दौरान वह नीचे गिर गईं। हालांकि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आत्महत्या या कुछ और अभी साफ नहीं

हालांकि अभी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही साफ होगा कि ये आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और कहानी है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और मौके का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस ने राजस्व परिसर को सील कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है।

विदिशा। घटना के बाद जांच करते अधिकारी

# सिरोंज में खाद न मिलने पर किसानों का चक्काजाम

डीआर संवाददाता ▶▶ सिरोंज

नए शिवानंद सिटी कॉलोनी के रहवासियों ने मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रहवासियों ने बताया, कॉलोनीवाइजर ने प्लॉट बेचते समय कॉलोनी को पूरी तरह विकसित करने का वादा किया था। रजिस्ट्री के समय विकास के नाम पर 5-5 हजार रुपए भी लिए गए। इसके बावजूद कॉलोनी में अब तक विकास नहीं हुआ। कॉलोनी के हालात गांव से भी बदतर हैं। न सड़क है, न पानी, न बिजली।

रहवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। कॉलोनीवाइजर हेमंत रघुवंशी, बंटी रघुवंशी और मोहित रघुवंशी ने 7 साल पहले कॉलोनी काटते समय सभी सुविधाएं देने का भरोसा दिया था। इसी भरोसे पर लोगों ने अपनी जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदे थे। रहवासियों ने बताया कि वे कानूनी जांच कर कॉलोनीवाइजर पर कार्रवाई की जाए और कॉलोनी में जल

### न्यू शिवानंद सिटी कॉलोनी के लोगों ने कहा- विकास का वादा पूरा नहीं

सड़क न नालियां, पोल तक नहीं खड़े, बिजली लाइन खींचकर लाली गई रही, ऐसी कॉलोनी से गांव बेहतर

से जल्द विकास कार्य शुरू हो।

### गांवों में जहां सीसी सड़कें और अंडरग्राउंड नालियां हैं, वहीं यहां शहर

ये सरकार लोग गांव से भी खराब स्थिति में जीने को मजबूर हैं। के गई। कॉलोनी में न सड़क है, न नाली। बिजली पोल तो लगे हैं, लेकिन केबल नहीं डाली जाने दूर से बिजली लाइन खींचकर ला रहे हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी खाली प्लॉटों में भर रहा है।

# गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से कुकर्म के विरोध में हिन्दू संगठन ने निकालीं रैली, फूंका पुतला, ज्ञापन

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

सउसेन जिले की गौहरगंज तहसील में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी सलमान की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना के कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इससे सवाल लोगों लोगों में आक्रोश है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी को वर्ग विशेष के लोगों ने शरण दे रखी है। पुलिस सब सूचना तंत्र भी जगाकर फेल हो रहा है। प्रशासन की सतर्कता के बावजूद आरोपी का न पकड़ा जाना संदेह पैदा कर रहा है। हिन्दू प्रहरी संगठन के सौरभसिंह राजपूत के नेतृत्व में मंगलगंज से रैली निकाली गई। रैली में नागरिक हाथों में तख्तियां लेकर और नारेबाजी करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। रैली विवेकानंद चौराहे पर पहुंची। यहां आरोपी का पुतला जलाया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी और फांसी की सजा की मांग की गई। साथ ही आरोपी को संरक्षण देने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस प्रदर्शन में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

# श्रद्धालु महिलाओं के गले से सोने चांदी के आभूषण चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

किलेअंदर स्थित बालाजी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र गायब करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा।

पुलिस ने आरोपियों से 15 लाख रुपए मूल्य का गहना, नकदी तथा चोरी की वारदात में प्रयोग की गई अर्टिगा कार जब्त की है। पुलिस ने करीब 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 150 से अधिक लोगों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर सूचना पर उत्तरप्रदेश के गिरोह की पहचान कर दबोचा गया।

### धार्मिक आयोजन, मेलों को बनाते थे निशाना

चोर गिरोह के सिलसिला उत्तरप्रदेश व राजस्थान में भी इसने आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों से 1.15 लाख रुपए नकद, चार सोने के मंगलसूत्र, एक चेन और कार बरामद की है। यह गिरोह टीवी, यूट्यूब और सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी स्थानों की जानकारी जुटाते थे जहां भारी भीड़ रहती है। मंदिर, मेले और धार्मिक आयोजनों में यह गिरोह महिलाओं के गले से सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लेता था और राज्य बदलकर अपने ठिकानों में छिप जाते थे।

गिरोह के सदस्यों ने 31 अक्टूबर को मंदिर में भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के मंगलसूत्र और चेन चोरी की गई थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजयपाल पालरे, संगीत पालरे, अशोक कोरी, विक्की उर्फ कोकन हटाणाले और नीलेश हटाणाले के रूप में हुई है।

# गौहरगंज रेप केस से नाराज होकर सड़क पर उतरे लोग

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

सउसेन जिले की गौहरगंज तहसील में 6 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले को लेकर विदिशा में भारी आक्रोश देखा गया। हिंदू प्रहरी संगठन और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के आह्वान पर शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई।

विरोध प्रदर्शन के तहत मंगलगंज चौराहे से एक प्रदर्शन रैली निकाली गई। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्वामी विवेकानंद चौराहे तक पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। स्वामी विवेकानंद चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने आरोपी का पुतला दहन किया।

# फाइन आर्ट और फैशन डिजाइन प्रदर्शनी लगी

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

सीआईआईटी कॉलेज में फैशन डिजाइन और फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने भारत की सांस्कृतिक हालचेयों को शानदार पेंटिंग्स व आकर्षक परिधानों के माध्यम से प्रस्तुत किया। फाइन आर्ट्स के छात्रों की पेंटिंग्स में भारतीय नृत्य एवं गायन के द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फैशन डिजाइन कोर्स में ज्योति लोधी, डिम्पल राजू, शर्मी रोज, संजना साहू, अंजलि और खुशी को पुरस्कार मिले। प्रदर्शनी का उद्घाटन टीटी जैन स्कूल के प्रबंधनी द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनु बाला प्रधान, हुकुमचंद सूर्यवंशी और कमलेश शर्मा उपस्थित रहे। अतिथि स्वागत दीपक ने प्रदर्शित कलाकृतियों की प्रशंसा करते हुए छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के लाभ बताए।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिकांश आवेदनो का निराकरण

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में हर्षक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से आवेदकों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। मंगलवार 25 नवम्बर को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में 116 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 56 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

अवर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आवेदकों से रोबरू कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मौके पर निराकरण की पहल की है।

जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ योगी मनोजिया , संयुक्त कलेक्टर अनुपमा जैन, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ, अवर कलेक्टर निकिता तिवारी के अलावा विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहे।

**मीट** इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व छात्रों का अलुमनाई मीट हुई

# एसएटीआई में 1975 बैच के पूर्व छात्रों का हुआ मिलन

डीआर संवाददाता ▶▶ विदिशा

एसएटीआई में 1975 बैच के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व छात्रों का अलुमनाई मीट आयोजित की गई। वर्षों बाद अपने सम्मान लौटे वरिष्ठ पूर्व छात्रों का स्वागत प्रथम वर्ष साइबर सिक्योरिटी की छात्रा सेजल तिवारी और आईटी अंतिम वर्ष के छात्र नीरज विश्वकर्मा ने पारंपरिक तिलक लगाकर किया।

स्मार्ट क्लासरूम में निदेशक डॉ. सावके जैन ने एसएटीआई की शैक्षणिक उपलब्धियों, तकनीकी प्रगति और विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध संसाधनों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्थान की असली शक्ति उसके पूर्व छात्र हैं। महाकाल सीआरजीएस एजुकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर ने संदेश भेजकर सभी पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया। अनुभव-साझा सत्र में वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने अनुशासित और गंभीर अध्ययन के अपने समय को याद किया। पूर्व छात्र कुंजन कुमार ने भावुक होकर कहा कि इस कॉलेज ने हमें मिट्टी से सोना बना दिया। पूर्व छात्रों ने प्रयोगशालाओं, आधुनिक कंप्यूटर लैब, बीयी नाथु कंप्यूटर सेंटर, खेल परिसर, जमेशेप और हॉस्टल का निरीक्षण किया। क्लासरूम के पुराने समयों में पहुंचते ही कई पूर्व छात्र भावुक हो उठे और अपने छात्र जीवन की यादें साझा कीं।

सम्मेलन और दुबई स्थित उद्योगपति दीपक माथुर के निर्देशन में आयोजित इस अलुमनाई मीट में देश-विदेश के अनेक शहरों से पूर्व छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व छात्र एमएन वारीश ने संस्थान की प्रगति हेतु एक सम्मानजनक राशि ऑनलाइन भेंट की।

# शमशाबाद नवोदय में आदर्श युवा ग्राम सभा संपन्न

डीआर संवाददाता ▶▶ रामकाम

नीरज श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, रामकाम, जिला विदिशा (म.प्र.) मैसाका सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के तहत आदर्श युवा ग्राम सभा का आयोजन बड़े उत्साहपूर्ण ढंग से हुआ। सरपंचना भारती महेश्वरी नगर परिषद अध्यक्ष शमशाबाद, नीलेश सलकड़े जनपद उपाध्यक्ष मटेरन और प्रहलाद सिंह भाकड़े सरपंच सेंदी और विद्यालय प्रशासन के द्वारा भी सहयोगी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलित किया।

कार्यक्रम की प्रभारी आसीन खान बी जी टी इतिहास और हेमलता प्रभारिणी टी जी टी सामाजिक विज्ञान ने बताया कि उक्त कार्यक्रम विद्यार्थियों ने बड़े ही लग्न और मेहनत से तैयार किया और बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री के तिवारी ने समस्त वक्तर से पधारे हुए समस्त जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। अपने स्वागत भाषण में श्री के तिवारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के आगमन से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ता है। भारती माहेश्वरी नगर परिषद अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का छात्र कल का भावी नागरिक होता है और नवोदय विद्यालय के छात्रों में विशिष्ट प्रतिभा है जो हम सभी के लिए बड़े ही गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के समेश कुमार वर्मा पी जी टी अंग्रेजी एवं सी सी ए प्रभारी ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार के निर्देशन में सम्पूर्ण हुआ। इस अवसर पर सम्पूर्ण स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। नवोदय वाचन विद्यालय के अरुण मिश्र पी जी टी भूगोल ने किया।

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07 2082

राजगढ, दिन बुधवार, दिनांक 26 नवंबर, 2025


## न्यूज गैलरी

### ज्ञापन रू सचिव ने की झूठी शिकायत, सरपंच संघ

**राजगढ़।** राजगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत लाडपुर में सरपंच प्रतिपक्ष रहेजा और पंचायत सचिव विनय सिंह पटेल के बीच हुए विवाद का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को सरपंच संघ ने एकजुटता दिखाते हुए सचिव की शिकायत को तथ्यहीन बताया। मंगलवार दोपहर करीब 2:30 बजे सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बडतूमाल सरपंच हेमराज यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जनपद कार्यालय पहुंचा और जनपद सीईओ आदीश जोशी को ज्ञापन सौंपकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

### राजगढ़ जिले में क्रिकेट सिलेक्शन ट्रायल 28 से

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर–16 (बाय्स) वर्ग की क्रिकेट सिलेक्शन ट्रायल 28 नवंबर को होगा, जबकि अंडर–13 का ट्रायल 29 नवंबर को दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जाएगा। यह चयन ट्रायल पीजी कालेज ब्यावरा के खेल मैदान में होगा। इस ट्रायल में केवल राजगढ़ जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। पात्रता के लिए अंडर–18 के खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 सितम्बर 2007 से 31 अगस्त 2010 के बीच होना अनिवार्य है। वहीं अंडर–13 के लिए आयु 1 सितंबर 2012 से 2014 के बीच होना चाहिए।

### जनसुनवाई रू आवेदन लेकर जिले भर से आए 85 आवेदक

**राजगढ़** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में मंगलवार को प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल विकास प्राधिकरण, श्यामबीर ने आमजन की समस्याएं सुनीं। अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान और एसडीएम निधि भारद्वाज सहित विभागीय अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे। दूर–दराज से आए दावेदारों और आमजनों ने अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिए।

पुनरीक्षण कार्य की प्रगति में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल

### एसआईआरः अंतिम तिथि में 8 दिन शेष, 79 फीसदी कार्य पूर्ण

**राजगढ़।** जिले में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) तीव्र गति से चल है। जिले की सभी पांच विधानसभाओं में एसआईआर प्रगति की बात करें तो अब तक लगभग 79 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। पूरे शब्दों में कहें तो बीएलओ द्वारा मतदाताओं को प्राप्त गणना पत्रकों का 79 प्रतिशत डिजिटाईलेशन पूर्ण किया जा चुका है। आपको बतादें कि जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईलेशन होना है, जिनमें से 25 नवंबर की शाम 6 बजे तक 9 लाख 25 हजार के लगभग मतदाताओं के फार्म डिजिटाईज किए जा चुके थे। अगर विधानसभावार देखें तो अभी तक हुए एसआईआर कार्य में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल स्थान पर है।

### जेल चौराहा मंदिर में हुए आयोजन

**राजगढ़।** श्रीराम विवाह पर्व के पावन अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए गए। स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति परिसर में भगवान गजेंद्र धरण एवं जेल चौराहा स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में भगवान को 56 भोग की प्रसादी अर्पित करते हुए क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना ईश्वर से की गई।

**आरोप** राजगढ़ जिला पंचायत के सीईओ भी रह चुके हैं ये प्रशासनिक अधिकारी

# आईएएस संतोष वर्मा के बयान की सर्वत्र निंदा, आज फूंके जाएंगे पुतले

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के पूर्व जिला पंचायत सीईओ एवं वर्तमान में कृषि विकास एवं कल्याण विभाग के उप–सचिव, अवासीय संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में दिए गए बयान की सभी जगह निंदा की जा रही है। वर्मा के बयान को लेकर न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि अन्य समाजों के लोगों ने भी तीखी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। उनके इस बयान के विरोध में बुधवार को राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़ सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में ब्राह्मण समाज द्वारा वर्मा पर एफआईआर दर्ज करने अलग–अलग थानों में आवेदन दिए जाएंगे। इसके साथ ही उनका पुतला दहन किए जाने की सार्वजनिक घोषणा भी समाज संगठनों के पदाधिकारियों ने की है।

आईएएस वर्मा द्वारा मंगेतरी अपने बयान पर खेद व्यक्त किया जा चुका हो लेकिन बेटियों के अपमान से आहत समाज के लोग इससे संतुष्ट नहीं हैं और न केवल उन पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की

जा रही है बल्कि राज्य शासन से उन्हें हटाने का प्रस्ताव भेज ले भिजवाने की मांग भी तेज हो उठी है।

### सोशल मीडिया पर जमकर हो रही आलोचना

वर्मा द्वारा कहे गए शब्दों को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना की जा रही है। आमजनों द्वारा कहा जा रहा है कि सिविल सर्वेंटस से जुड़े एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी बेटियों को लेकर दिया गया बयान न केवल निंदनीय है बल्कि उन पर कानूनी सहित अन्य प्रशासनिक कार्यवाहियां भी प्रस्तावित की जानी चाहिए। सोशल मीडिया पर आमजनों ने कहा कि यह न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि सभी समाजों की बेटियों का खुलेआम अपमान है जो क्षम्य नहीं है। ऐसे व्यक्तियों को सिविल सेवा के प्रशासनिक उत्तरदायित्वों से मुक्त कर दिया जाना चाहिए।

### किस समय कहां जलेंगे पुतले

ब्यावरा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष बीके शर्मा एवं सर्वब्राह्मण अध्यक्ष त्रिविक्रम शर्मा के अनुसार बुधवार सुबह 11 बजे पीपल चौराहे पर वर्मा का पुतला दहन किया जाएगा। इसके उपरांत थाने पहुंचकर उन पर एफआईआर दर्ज करने संबंधी आवेदन सभी समाजजन सौंपेंगे। इसी तरह राजगढ़, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़ में भी विभिन्न चौराहों पर उनके पुतले दहन किए जाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आईएएस वर्मा का विवादों से बेरिश का खुलेआम अपमान है जो क्षम्य नहीं है। ऐसे व्यक्तियों को सिविल सेवा के प्रशासनिक उत्तरदायित्वों से मुक्त कर दिया जाना चाहिए।

## प्री वेडिंग शूट के लिए ससुराल जा रही थी लड़की, रास्ते में बिगड़ी तबीयत, मौत

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ललितपुर की 19 वर्षीय युवती अपनी नवंबर के साथ प्री वेडिंग शूट के लिए अपने ससुराल जा रही थी। रास्ते में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी तो सभी लोग घबरा गए और उसे सुसेल सिविल अस्पताल ब्यावरा लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने नब्ज पर हाथ रखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतिका के परिजनों को सौंप दिया। ललितपुर के निवासी मोनू निवासी राजकुमारपुर सहरीपा की 19 वर्षीय पुत्री आरती का विवाह शुजालपुर के जैन परिवार में तय हुआ था। दोनों ही घरों में जोर–शोर से तैयारियां चल रही थीं। दोनों परिवारों ने तय किया था कि विवाह शुजालपुर में ही होगा। इसके लिए लड़की वाले शादी वाले दिन यानी 30 नवंबर को शुजालपुर जाने वाले थे। इसी बीच सोमवार को दूल्हे की बहन और भाभी का लड़का ललितपुर पहुंचे। दोनों ने यहां पर लड़की को अपने साथ ले जाने की बात कही। सूत्रों की मानें तो प्री वेडिंग शूट के लिए

लड़की को ले जाया जा रहा था। टीमों अभी बंदेरी पहुंचे ही थे कि लड़ी आरती की तबीयत बिगड़ाई। गाड़ी चालक ने गाड़ी रुकवाकर उसे वहीं किसी स्थानीय चिकित्सक को दिखाकर दवाई दिला दी। गाड़ी जब कैलारस में पहुंची तो वहां पर टीमों ने रास्ता भी किया, इसके बाद आगे बढ़ गए। नब्ज ने ब्यावरा से होकर गुजर रहे थे कि सभी लड़की की तबीयत अधिक बिगड़ने लगी। वे देख नब्ज और दूल्हे के भाई के भी होश उड़ गए, दोनों उसे लेकर तुरंत सिविल अस्पताल ब्यावरा में पहुंचे। यहां पर चिकित्सकों ने उसकी नब्ज पर हाथ रखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना देहात थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में ले लिया है। मंगलवार को पीएम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में देहात थाना प्रभारी रमेंद्र शर्मा का कहना है कि जब तक पीएम रिपोर्ट नहीं आती कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, भोपाल ले जाते समय हुई मौत

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

ब्यावरा कोसी मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय युवक की हालत सोमवार की शाम से अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने जब उसे उल्टियां करते और अन्य विकारते होते देखा तो वह भी काफी घबरा गए। वे उसे लेकर तुरंत सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचे। वहां डाक्टर्स ने जहरीला पदार्थ निगलने की आशंका जताते हुए उपचार शुरू किया, जब स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ तो भोपाल रेफर कर दिया गया। हालांकि भोपाल जाते समय उसने ही युवक ने दम तोड़ दिया।

निवासी कोसी

घटनाक्रम जुलाई से कम करता था। सोमवार की शाम को वह अपना काम निपटाकर घर लौटा था। घर पर सभी लोग अपने नियमित कामकाज में लगे हुए थे। पहले जितेंद्र अपने कमरे में गया, लेकिन परिजनों ने इसे सामान्य रूप से ही लिया। इसके कुछ देर बाद ही परिजनों ने उसे उल्टी करते देखा। मुंह जितेंद्र शरीर का रंग भी काला हो गया था, इसलिए परिजनों ने उसके फुटबाल भी की। कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत अधिक बिगड़ना शुरू हो गई, उसे चक्कर भी होने लगी, परिजन ये देख काफी घबरा गए।

एकाएक जब कुछ समझ नहीं आया तो तुरंत उसे लेकर सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचे।

डाक्टरों ने उसे चेक करने के बाद जहरीला पदार्थ निगलने का संदेह जताया। साथ ही तुरंत उपचार भी शुरू किया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। हालत अधिक बिगड़ते देख डाक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। परिजन जब उसे भोपाल ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में जितेंद्र ने दम तोड़ दिया। परिजन उसका शव लेकर वापस सिविल अस्पताल पहुंचे। यहां मंगलवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## कोतवाली पुलिस ने पकड़े दो शातिर बाइक चोर

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया में जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण प्रक्रिया मंगलवार को दिन भर चली। जिला पंचायत में हुई इस प्रक्रिया में राजगढ़ परियोजना के 39 गांवों से आवेदक आए। इस दौरान सबसे ज्यादा आपत्तियां बैरीसेल और निवास से संबंधित थीं। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह ठाकुर ने बताया कि राजगढ़ परियोजना के 137 पदों में से 12 पदों पर कोई आवेदन नहीं आए थे। शेष पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इनमें से 39 गांवों से निवृत्ति प्रक्रिया में आवेदकों ने अलग–अलग आधारों पर आपत्तियां लगाई थीं। अधिकांश शिकायतें बैरीसेल और निवास से संबंधित थीं। अंकसूचियों की मांग सामने आया कि कुछ आवेदकों ने गैर मान्यता प्राप्त बोर्ड की अंकसूचियां लगाई हैं। वे भी

जिले में 200 से अधिक पदों पर आई आपत्तियां पंचायत में आपत्ति निराकरण करते हुए जिला स्तरीय समिति के सदस्य। अंकसूचियां अमान्य करते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं। समिति ने जिला पंचायत की सदस्य शीतल राव वानी, सीईओ इंद्रिका गढ़वाले, डीपीओ श्यामबाबू खरे, एसडीएम निधि भारद्वाज, परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह ठाकुर आदि शामिल थे।

जिले में 200 से अधिक पदों पर आपत्तियां आई हैं। अब तक 8 परियोजनाओं की आपत्तियों पर जिला स्तरीय आपत्ति निराकरण समिति ने प्रारंभिक जांच की है। आज यानी बुधवार को जीरापुर और नरसिंहगढ़ के पदों पर मिली आपत्तियों की जांच की जाएगी। बता दें कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती में बीपीएल के 5 अंक मिलते हैं। इसके अलावा जहां भर्ती हो रही है, वहां के निवासी होना जरूरी है। बीपीएल संबंधी जांच तहसीलदार करेंगे, जबकि निवास संबंधी पात्रता की जांच जनपद पंचायत सीईओ और तहसीलदार से कराएंगे।

## बैठक में समाज सुधार और युवाओं के मार्गदर्शन पर चर्चा

डीआर संवाददाता ✍ खुजनेर

श्री धाकड़ महासभा संघ की जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। वालदेव एकेडमी स्कूल में आयोजित इस बैठक में समाज सुधार, सामूहिक विवाह, अनावश्यक खर्चों पर रोक और युवाओं के मार्गदर्शन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद रोडमल नागर, मुख्य अतिथि सुभाष सिंह सुरतावी, एनएल नागर और केसी नागर द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सांसद रोडमल नागर ने बैठक को संबोधित किया।

### बढ़ते विवाह खर्चों पर जताई चिंता

सांसद नागर ने समाज में बढ़ते विवाह खर्चों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर दिया कि धाकड़ समाज जिला राजगढ़(म.प्र.)

समाज को सभी सामाजिक कार्यों की दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि जिले में केवल दो से तीन स्थानों पर ही सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जाएं, जिनसे समाजजनों का खर्चा उपयोग हो सके। इसके अतिरिक्त, सांसद ने समाज में एक वैरिएंट खाता शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य मुख्य–मुद्दतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं व करियर निर्माण में मार्गदर्शन प्रदान करना है, ताकि उन्हें सही दिशा मिल सके।

## झगड़ा पंचायत में 3 लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले दो को 10–10 साल की सजा

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़

करीब चार साल पहले सितंबर 2021 में मंदिर परिसर में चल रही झगड़ा पंचायत के दौरान तीन लोगों पर प्राणघातक हमला करने के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को 10–10 वर्ष के कारावास और 2–2 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला लोक अभियोजक विक्रम सिंह सिरोपोदिया की दलीलों के आधार पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा द्वारा सुनाई गई।

लोक अभियोजक से मिली जानकारी के अनुसार घटना 2 सितंबर 2021 की है। खिलचीपुर थाना क्षेत्र के बघेली गांव निवासी आरोपी हरि सिंह पुत्र कंवरलाल ने फरियादी ललित पर एकबारी चलने की गाड़ी में बैठकर ले जाने का आरोप लगाया था। इस आरोप के बाद स्थानीय सामाजिक परंपरा के तहत 2 सितंबर को खिलचीपुर के नाहरवा मंदिर परिसर में सामाजिक पंचायत (बैठक) बुलाई गई। बैठक में आरोपी पक्ष से हरि सिंह, प्रेम सिंह और विष्णु सिंह मौजूद थे, जबकि फरियादी पक्ष से से ललित, प्रताप सिंह, भरत सिंह, कालू सिंह और अन्य ग्रामीण शामिल थे।

बातचीत के दौरान हुआ था विवाद, तलवारों से हमला झगड़ा पंचायत में बातचीत जारी थी, इसी दौरान हरि सिंह ने दोबारा ललित पर आरोप लगाते हुए गाली–गलौज शुरू कर दी। इससे पहले कि कोई समझ पाता, हरि सिंह के साथ आए दूसरे साले विष्णु ने ललित को चक्कर लिया और हरि सिंह ने कालू से पकड़े रहने पर जानलेवा हमला कर दिया। बचाने पहुंचे लखन और प्रताप भी हमले में घायल हो गए।

फरियादी ललित की शिकायत पर खिलचीपुर थाने में हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की दलीलों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने हरि सिंह सांकिया निवासी बघेली, विष्णु पुत्र प्रेम सिंह निवासी उपखेड़ियाखेड़ी 10–10 वर्ष के कारावास और 2–2 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

**शहीदी पर्व** गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर आयोजन

## गुरुजी के बलिदान को किया याद, गुरुबाणी का गायन

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में गुरु सिंह सभा, राजगढ़ रोड (ब्यावरा) द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगत ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ गुरु जी के अपार त्याग, बलिदान और शहादत के लिए किए गए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और गुरबाणी गायन से हुई, जिसमें सारी जगहों से गुरु जी की

बाणी का मधुर रस संगत को भाव करवाया। पूरा परिसर आहेनुरूल के स्मरण और शांति के संदेशों से गूंज उठा। इसके पश्चात गुरु घर अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

संगत ने गुरु परंपरा के अनुरूप सेवा, समानता और प्रेम का संदेश आत्मसात किया। इस अवसर पर ज्ञानी शहीदान गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी ने धर्म की रक्षा, महापुरुषों की सुरक्षा और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने के हेतु अपने प्राणों की आहुति दे दी। कश्मीर के हिंदुओं और संतों की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सिख महानता के इतिहास में अद्वितीय है। संगत ने एक स्वर में संकल्प लिया कि हम गुरु जी द्वारा दिखाए गए साहस, सत्य, ज्ञान, सेवा और महानता के मार्ग पर चलते रहेंगे और समाज में शांति, भाईचारे और राष्ट्रहित्य की भावना को आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम के अंत में समूची संगत ने गुरु साहिब के परंपरों ने अरदास कर देश और समाज की खुशहाली, शांति एवं सर्वांगीण मंगल की कामना की।

## छात्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर

आदर्श विद्यालय में मंगलवार दोपहर आयोजित वार्षिक उत्सव में छात्र–छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में आए सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्यालय ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान बनाया है। विशेष अतिथि पूर्व कलेक्टर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता

शिवनारायण चौहान ने छात्रों को समाज में फैल रही बुराईयों से सचेत रहने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राम–वंदना, कत्थकली नृत्य, राजस्थानी व शास्त्रीय नृत्य, महाकाली और वोट के लिए धन्यवाद जैसी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में रवि शर्मा और लखमीचंद चौधरी ने उद्बोधन दिया। स्वागत भाषण शाह (पीटी) ने पेश किया, जबकि वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत अनिल शाह ने प्रस्तुत किया। संचालन अमित शर्मा ने किया। आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद गंजोदिया, महामंत्री लखन राजपूत, लक्ष्मण सिंह राव, ओम शर्मा, गोलू शर्मा, पार्षद अनिल परवार, राजकुमार भीकरी, मोहन वर्मा, राकेश शर्मा, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक शामिल रहे। आभार आदर्श शाह ने किया।